BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अग्रवाल शिक्षा समिति एवं यूएस काउंसलेट जनरल हैदराबाद की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल शिक्षा समिति के बोर्ड रूम में यूएस काउंसलेट जनरल की हैदराबाद शाखा के साथ एक मंत्रणा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल, समिति के एकेडमी निदेशिका डॉ. सरोज जैन, संयुक्त एकेडमिक निदेशक डॉ. राजेश अग्रवाल ने समिति की ओर से प्रतिनिधित्व किया। टी सेंथिल कुमार, पब्लिक एंगेजमेंट सोशलिस्ट, पब्लिक डिप्लोमेसी विभाग एवं नौशीन अली, इंग्लिश लैंग्वेज एवं एजुकेशन आउटरीच कोऑर्डिनेटर, पब्लिक डिप्लोमेसी विभाग ने यूएस काउंसलेट जनरल हैदराबाद का प्रतिनिधित्व किया।



यह एक महत्वपूर्ण बैठक थी जिसमें कई विषयों पर विस्तार पूर्वक बातचीत हुई और भविष्य में दोनों संस्थाएं परस्पर सहयोग से विभिन्न प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन करेंगे।

चर्चा के प्रमुख विषयों में दोनों देशों की नागरिकों में परस्पर संबंधों को बढ़ावा देना, दोनों देशों के नागरिकों की दो विभिन्न संस्कृतियों को समझने में सुगमता प्रदान करना, परस्पर अदला बदली के विभिन्न प्रोग्राम। अंग्रेजी भाषा से संबंधित जैसे टीचर्स ट्रेनिंग, विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा संबंधी सलाह व मार्गदर्शन। विद्यार्थियों को विभिन्न समायोची विषयों से अवगत कराना जैसे मौसम व पर्यावरण बदलाव, व्यापारिक व वाणिज्यिक संबंध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि शामिल रहे।

अन्य देशों की तुलना में अमेरिका में उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए भारतीय विद्यार्थियों की संख्या अधिक है। यह काउंसलेट विद्यार्थियों को संपूर्ण सलाह प्रदान करता है कि उन्हें किस प्रकार के विश्वविद्यालयों में आवेदन करना चाहिए जिससे कि उन्हें हर प्रकार की सुगमता प्राप्त हो सके। आ-वेदन के अतिरिक्त वीजा की कार्य प्रणाली को भी विस्तार पूर्वक समझाया जाएगा।

यह कार्यक्रम स्नातक व स्नातक उत्तर विद्यार्थियों के लिए ही होगा। यूएस काउंसलेट के प्रतिनिधियों को अग्रवाल शिक्षा समिति के मानद मंत्री ने पूरी जानकारी दी। समिति द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थानों के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उन्नत शिक्षा प्रदान करना है। समिति के उद्देश्यों और कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने समिति के साथ विभिन्न प्रोजेक्ट्स करने का आश्वासन दिया। इनमें प्रमुख है इंटरेक्शन विद एक्सपर्ट, प्रोजेक्ट प्रपोजल्स, ट्रेंनिंग कोर्सेज, इंग्लिश टीचिंग, वर्चुअल कोर्सेस एवं फैकेल्टी व विद्यार्थियों का आदान-प्रदान शामिल है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों में भी उनका सहयोग प्राप्त होता रहेगा और शीघ्र ही अपनी योजनाओं को मूर्त रूप देंगे। समिति की ओर से दोनों प्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ, शाल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित भी किया गया।






दक्षिण मध्य रेलवे (दमरे) के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने गुरुवार को तेलंगाना की मुख्य सचिव ए. शांति कुमारी से सचिवालय में राज्य से संबंधित रेल विकास परियोजनाओं पर चर्चा की।

## तेयुप का हर घर टीटीएफ कार्यक्रम आयोजित

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के मार्गदर्शन में तेयुप हैदराबाद ने तेरापंथ टास्क फोर्स के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम हर घर टीटीएफ का ऑनलाइन आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत हर घर टीटीएफ गीत के साथ किया गया। तेयुप हैदराबाद अध्यक्ष अभिनंदन नाहटा ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि तेरापंथ टास्क फोर्स आपातकालीन चिकित्सा के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को समाहित कर कार्यक्रम कर रही है और इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में ज्यादा से ज्यादा होने चाहिए। तेरापंथ टास्क फोर्स के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष पटावरी ने बताया हर घर टीटीएफ के अंतर्गत पूरे देश में विभिन्न आपदा विपदा की परिस्थिति में किस प्रकार स्वयं एवं अन्य को सुरक्षित रखें के बारे में जरूरी जानकारी साझा कर रहा है। कार्यक्रम में ट्रेनर के रूप में राष्ट्रीय प्रशिक्षक जय चोरडिया ने अपनी सेवाएं दी। उन्होंने बर्न, ब्लीडिंग एवम सीपीआर पर कई सुरक्षात्मक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। टीपीएफ़ दक्षिण जोन अध्यक्ष मोहित बैद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कार्यक्रम को सभी के लिए बहुपयोगी बताया। कार्यक्रम में विभिन्न संघीय संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस कार्यक्रम से लगभग 106 प्रतिभागी जुड़े। मंत्री अनिल दुगड़ ने कार्यक्रम से जुड़ने के लिए आभार ज्ञापन किया एवं इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी करने का आश्वासन दिया।

## श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ मारुति विधि सिकंदराबाद में विराजित

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर आचार्य सम्राट ध्यान योगी पूज्य श्री डा.शिवमुनिजी म.सा की आज्ञानुवर्तिनी पूज्य श्री विजयलताजी म.सा, पूज्य श्री प्रज्ञाश्रीजी म.सा, पूज्य श्री पुण्याश्रीजी म.सा आदि ठाणा 3 का चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला के अन्तर्गत संघ के महामंत्री सुरेन्द्र कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार 19 जुलाई से प्रतिदिन सूर्योदय से प्रार्थना, भक्तामर, प्रातः 7 बजे से, युवाओं के लिए धर्म चर्चा, प्रवचन का समय 9.15 बजे से 10.15 बजे तक रहेगा। महिलाओं के लिए धर्म चर्चा दोपहर 2.30 बजे से 4 बजे तक, सायंकाल सूर्यास्त से कल्याण मंदिर प्रतिक्रमण होगा। 8 बजे से महिलाओं के लिए तत्व चर्चा, 25 बोल थोकड़े आदि रहेगा।

24 तीर्थंकर भगवान के कल्याणक के अवसर पर 121 तेले तप की आराधना 19,20,21 जुलाई तेरस, चौदस और गुरू पूर्णिमा के सामूहिक पारणे संघ की ओर से सोमवार 22 जुलाई को रहेगा। संघपति संपतराज कोठारी एवं अध्यक्ष गौतमचंद गुगालिया ने सभी धर्मानुरागी श्रावक-श्राविकाओं से विनती की है कि अधिक से अधिक संख्या में सह परिवार पधार कर दर्शन, वंदन, सामाहिक व प्रवचन का लाभ लेने के लिए आग्रह किया।

# पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल का 131वां नि:शुल्क मेडिकल शिविर 21 को

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बद्रीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल द्वारा शिवभागासजी श्री नारायणजी बंसल सेवा ट्रस्ट व अग्रवाल समाज राणी सति दादी घांसी बाजार शाखा के सहयोग से 131वां नि:शुल्क मेडिकल कैम्प 21 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चेलाप-ुरा स्थित बालपन प्ले स्कूल में आयोजित किया जायेगा।

अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजीत गुप्ता के अनुसार शिविर श्री भगवान महावीर विकलांग समिति हैदराबाद, मेडिकवर अस्पताल बेगमपेट, एलसीएस डंडू आई इंस्टीट्यूट वेस्ट मारेडपल्ली के सहयोग से आयोजित किया जायेगा। शिविर में मेडिकवर अस्पताल के जनरल फिजिशियन ईसीजी-2डी इको-बीएमडी, आरबीएस, रक्तचाप की जांच की जाएगी तथा शिविर में एलसीएस डूंडू नेत्र संस्थान वेस्ट मैरेडपल्ली के चिकित्सकों द्वारा नेत्रों की जांच के पश्चात जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मे और योग्य के लिए नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। फिजियोथैरेपी की सेवा बजाज फिजियो केयर की डॉ. मीता बजाज द्वारा की जाएगी। दंत की जांच ललिता डेंटल क्लीनिक के डॉ.संजय सूर्यवंशी द्वारा की जाएगी। अवसर पर आर्थोपेडिक और कार्डियोलॉजी आर्थोपेडिक, कार्डियोलॉजी, गायनेकोलॉजी की सेवा दी जाएगी। अवसर पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति हैदराबाद के द्वारा नि:शुल्क कृत्रिम अंग, हैंड किट्स, कैलिपर्स, हैंडस एवं डायलिसिस रोगियों के लिए नि:शुल्क डायलिसिस की सेवा प्रदान की जाएगी। सभी से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया गया है। शिविर के लिए नाम पंजीकरण सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जायेगा और कैंप दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। अधिक जानकारी के लिए कैम्प के संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता,सुरेन्द्र गोयल, नवल बंसल, डॉ. शिखा केडिया, रिंकू गर्ग, मोनिका अग्रवाल से संपर्क किया जा सकता है।



श्री पहाडी श्याम मंदिर महेन्द्रा हिल्स में श्री राज मित्र मण्डल के तत्वावधान में देव शयनी एकादशी के उपलक्ष्य में आयोजित श्री श्याम सुमिरन भजन कार्यक्रम में भजन गायक पंकज ओझा एवं संदीप चाण्डक का सम्मान करते हुए मंदिर के परामर्शदाता अरुण डाकोतिया। साथ में श्री राज मित्र मण्डल के प्रदीप अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल एवं उपस्थित भक्तगण।

# लोक पर्व बोनालु पर चर्चा और कवि गोष्ठी सम्पन्न



**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की 594वीं मासिक साहित्य गोष्ठी आर्य कन्या पाठशाला, कंदास्वामी लेन, हनुमान व्यायाम शाला रोड, हैदराबाद में तेलुगु के सुप्रसिद्ध अनुवादक व कवि डॉ. एम. लक्ष्मणाचार्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वश्री चंपालाल बैद, अंजनी कुमार गोयल, श्रुतिकांत भारती और ठाकुर दिनेश सिंह बतौर विशेष अतिथि मंच पर विराजमान थे। हिंदी लेखक संघ के संयोजक, गोलकोण्डा दर्पण मासिक पत्रिका के संपादक व कवि गोविंद अक्षय ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने सभी उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि इस गोष्ठी में पंजाब नेशनल बैंक से सेवानिवृत्त वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी बृहस्पति शर्मा हैदराबाद का लोक पर्व बोनालु पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

बृहस्पति शर्मा ने हैदाराबाद का लोक पर्व बोनालु पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि यहां के लोग देवी-देवत-ाओं, विशेषत: ग्राम देवताओं की भक्ति में निमज्जित लोक पर्वों में बड़े उत्साह से सामूहिक रूप में भाग लेते हैं। लोक पर्वों से जुड़ी लोक कथाओं और लोक कथाओं से आम आदमी के सरल जीवन मूल्यों और तरल जीवन शैली का पता चलता है। मुख्य रूप से नगरद्वय हैदराबाद-सिकंदराबाद और गौण रूप से तेलंगाना के कुछ क्षेत्रों में आषाढ़ मास (जुलाई-अगस्त) में मनाया जाने वाला लोक पर्व बोनालु धार्मिक आस्था के साथ-साथ लोक कला से जुड़ा है। इसे अधिकतर स्थानीय तेलुगु भाषी हिंदुओ का अल्पशिक्षित निम्न और निम्न मध्यम वर्ग बढ़-चढ़कर मनाता है। विशेष अतिथि ठाकुर दिनेश सिंह ने कहा कि बृहस्पति शर्मा ने हैदराबाद के लोक पर्व बोनालु विषय पर सम्यक रूप से अपनी बात रखी है। मैं उन्हें बधाई देता हूँ।

विशेष अतिथि श्रुतिकांत भारती ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने बोनालु पर्व के प्रचार-प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी गोष्ठियों से नवजवानों को प्रेरणा मिलती है। लेखकों की लेखनी में प्रगति हो रही है। जीवन में ग्रहण करने जैसी कविताएँ आज के इस कार्यक्रम में सुनने को मिलीं। आज हैदराबाद के कवियों की चर्चा पूरे देश में हो रही है। प्रदूषण पर भी कवियों ने बेहतरीन कविताएँ प्रस्तुत की हैं। आज प्रदूष्ण में अत्यंत सुधार की आवश्यकता है। जीवन और पशु-पक्षियों के लिए पर्यावरण में सुधार की बहुत आवश्यकता है। डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने कहा कि आषाढ़ माह में बोनालु का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व पूरे भारत में मनाया जाता है। कवयित्री रत्नकला मिश्र ने कहा कि बृहस्पति शर्मा ने सत्यता की बात को अपने व्याख्यान में प्रस्तुत किया है।

डॉ. प्रभास चंद्र सिंह चंदर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बृहस्पति शर्मा ने बहुत ही महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक व्याख्यान बोनालु के संदर्भ में प्रस्तुत किया है। डॉ. एम. लक्ष्मणाचार्य ने अध्यक्षीय टिप्पणी में कहा कि बृहस्पति शर्मा ने बोनालु पर्व पर गहन अध्ययन किया है। इसके लिए उन्हें साधुवाद देता हूँ, जिन बातों पर उन्होंने प्रकाश नहीं डाला है उस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया विश्वास पर टिकी हुई है। उस समय सर्प, बिच्छू आदि के काटने पर मंत्रों द्वारा उपचार किया जाता था। समय के साथ-साथ आध्यात्मिक और सामाजिक परिस्थितियाँ बदलती गयी हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज हमें प्रकृति से नाता जोड़ने की अत्यंत आवश्यकता है। प्रकृति से जुड़ने पर पर्यावरण की रक्षा भी होती है क्योंकि प्रकृति से ही हमारा जीवन है।

इस अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. प्रभास चंद्र सिंह चंदर ने की, जिसमें कवियों ने देश के वर्तमान हालात, राष्ट्रीय एकता, सद्भावना और जीवन के विभिन्न विषयों पर अपने गीत, ग़ज़ल और हास्य-व्यंग्य की कविताओं का पाठ कर ख़ूब वाहवाही लूटी व एक समा बाँध दिया। कविता पाठ करने वाले कवियों में डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, सत्यनारायण काकड़ा, सुनील मिश्रा, गोविंद मिश्रा, डी. प्रेमराज, श्रीपूनम जोधपुरी, अंजनी कुमार गोयल, सत्यनारायण काकड़ा, डॉ. एम. लक्ष्मणाचार्य, ठाकुर दिनेश सिंह, गोविंद अक्षय, बृहस्पति शर्मा, रत्नकला मिश्र, डॉ. प्रभास चंद्र सिंह चंदर आदि के नाम सम्मिलित हैं। संयोजिका व कवयित्री रत्नकला मिश्र ने सभी लेखकों, कवियों तथा हिंदी प्रेमी श्रोताओं को समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और गौरवान्वित करने के उपलक्ष्य में धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

# विधायक डॉ. पलवई ने केजीबीवी का दौरा किया



**कागज़नगर 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोमुरम्भिम जिला चिंतलमनेपल्ली सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने गुरुवार को मंडल केंद्र स्थित कस्तूरीबा गांधी बालिका विद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों की समस्याओं का अध्ययन किया। इस अवसर पर छात्रों एवं शिक्षकों ने कई समस्याओं की ओर उनका ध्यान दिलाया। हरीश बाबू ने कहा कि वे समस्याओं का तुरंत समाधान करेंगे।

विधायक हरीश बाबू ने कस्तूरीबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रों के साथ दोपहर का भोजन किया। अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार लड़कियों की शिक्षा पर जोर दे रही है ताकि करके लड़कियां पढ़ लिखकर अपने पैरों पर खड़ी हो सके और शिक्षा के क्षेत्र मेंाता-पिता और समाज का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि आने समय महिलाओं का होगा और विधायिकाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ हर विधायिका में एक तिहाई महिलाएं होंगी। उन्हें बताया गया कि बरसात के मौसम में कई तरह की बीमारियों का खतरा रहता है और उनसे बचाव के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया।उक्त कार्यक्रम में एमपीडीओ कोटा प्रसाद, कस्तूरीबा गांधी बालिका विद्यालय प्रभारी एसओ मदवी श्रीदेवी, भाजपा जिला महासचिव धोनी श्रीशैलम, मंडल अध्यक्ष तिरूपति गौड़, पूर्व जेडपीटीसी एल्मुले मल्लैया, पूर्व योजना समिति बोर्ड सदस्य कोंड्रा मनोहर गौड़, पूर्व एमपीपी कोप्पुला शंकर और कस्तूरीबा गांधी विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# सभी को पौधों की अच्छे से देखभाल करनी चाहिए : हरीश बाबू





**काग़ज़नगर 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कागजनगर सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू, एमएलसी दांडे विट्ठल, जिला उप प्रशासक दीपक तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष शाहीन सुल्ताना, नगर निगम आयुक्त अंजैया और अन्य ने गुरुवार को नगर परिषद द्वारा पेट्रोल पंप क्षेत्र में आयोजित वन महोत्सव में भाग लिया और स्थानीय लोगों में पौधे वितरित किये। इस मौके पर हरीश बाबू ने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में सभी लोगों को बढ चढकर भाग लेना चाहिए और एक-एक पौधे की सुरक्षा करने की जरूरत है। अवसर पर वन कर्मियों ने बताया कि जंगलों में खाली पड़े इलाकों में पौधे लगाने की जरूरत है।

# जिला पुलिस कला दल ने विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों पर जागरूक किया



**आसिफाबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला एसपी श्रीनिवास राव (आईपीएस) के आदेशानुसार जैनूर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत भूसीमेटा गांव में गाउट आवासीय विद्यालय और जूनियर कॉलेज में पुलिस कैडरों को नए कानूनों, सड़क दुर्घटनाओं और यातायात नियमों, साइबर धोखाधड़ी पर जागरूक एवं प्रशिक्षित किया गया एवं सीसीटीवी कैमरों की जरूरत पर जागरूकता पैदा की गई है।

कार्यक्रम के तहत एएसआई उमेश ने कहा कि हाल के दिनों में साइबर अपराध काफी बढ़ रहे हैं, साइबर अपराधियों के झूठ में न आएं, अगर कोई झांसे में आता है तो 1930 नंबर पर शिकायत करें, पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सभी गांव में सीसी कैमरे लगाये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि इससे गांव में कोई भी घटना घटते ही पता चल जाती है, उन्होंने कहा कि सीसी कैमरे लगाने में सहयोग करें तथा अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं। उन्होंने कहा कि युवा बुरी लत के आदी न हों और सरकार व पुलिस की ओर से हर तरह की मदद की जायेगी।

लोगों को गांवों में संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वे जादू-टोने और अंधविश्वासों पर विश्वास न करें, गांवों में किसी भी समस्या की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन को दें, या 100 नंबर पर कॉल करें, कुछ ही मिनटों में पुलिस उनके पास आ जाएगी। कार्यक्रम में एएसआई उमेश एवं पुलिस कर्मी, पुलिस कला दल के सदस्य उपस्थित थे।

## टीटीडी ने 22 जुलाई से श्रीवाणी ट्रस्ट के टिकट कम करने का फैसला किया

**तिरुमाला, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तिरुमाला में तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने गुरुवार को अगले सोमवार से श्रीवाणी ट्रस्ट के टिकट कम करने का फैसला किया।

श्रीवाणी टिकटों का ऑनलाइन कोटा 500 ही रहेगा, जबकि प्रतिदिन 1000 टिकटों के ऑफलाइन कोटे में से 100 तिरुपति एयरपोर्ट पर और 900 यहां गोकुलम रेस्ट हाउस पर जारी किए जाएंगे।

भक्तों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें और टीटीडी के साथ सहयोग करें।

# किसानों ने किया ऋण माफी योजना को लेकर सीएम रेवंत रेड्डी के चित्र का दुग्धाभिषेक



**तानूर, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** निर्मल जिला, तानूर मंडल के दौलताबाद गांव में उपस्थित रायथू वेदिका में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के मंडल नेताओं और किसानों ने ऋण माफी योजना पर जश्न मनाया और सीएम रेवंत रेड्डी के चित्र का दुग्धाभिषेक किया।


इस मौके पर पूर्व विधायक तथा मुधोल तलूका कांग्रेस पार्टी इंचार्ज भोसले नारायण राव पटेल ने तानूर मंडल क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओ सहित दौलताबाद गाँव के रायथू विदिका सभा में हिस्सा लिया। दौलताबाद के रायथु वेदिका में कृषि विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि सीएम रेवंत रेड्डी ने चुनाव के दौरान किये गये वादे को पुरा करते हुए ऋण माफी की पहली किस्त जारी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर समय गरीब लोगों के हित में फैसले लेंगे।

कांग्रेस पार्टी गरीब किसानों का भविष्य उज्ज्वल बनाया है। श्री पटेल ने कहा कि एससी, एसटी, बीसी और छोटे किसान हमेशा कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े रहें।

श्री पटेल ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कार्यक्रम में उपस्थित किसानों का आभार व्याक्त किया।

कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष एच. पुंडलिक, पूर्व एमपीपी बशेट्टी राजन्ना, सोसायटी के अध्यक्ष नारायण राव पटेल, पूर्व आत्मा अध्यक्ष पोटा रेड्डी, पूर्व सहकारी सदस्य गोविंद राव पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी, तानूर पूर्व सरपंच माधवराव पटेल, विभिन्न गांवों के पूर्व सरपंच, पूर्व एमपीटीसी, कांग्रेस पार्टी मंडल नेता, कार्यकर्ताओं, संबंधित गांवों के किसान व अन्य लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक है ऋण माफी योजना : लक्ष्मी कांताराव



**मदनूर, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जुक्कल विधायक टोटा लक्ष्मी कांताराव ने संयुक्त मदनूर मंडल किसान भवन में किसान ऋण माफी कार्यक्रम के विमोचन में भाग लिया।

मुख्यमंत्री के आदेशानुसार जुक्कल विधायक थोटा लक्ष्मी कांताराव ने गुरुवार को डोंगली मंडल के लिंबूर गांव में किसान भवन में ऋण माफी राशि जारी समारोह कार्यक्रम में भाग लिया। स्थानीय किसानों व ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया गया।

विधायक ने कहा कि किसानों का एक साथ दो लाख का कर्ज माफ करना देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाने वाला मामला है।

इससे बड़ा सबूत क्या हो सकता है कि कांग्रेस सरकार किसान-पक्षपाती सरकार नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस पार्टी वादे के मुताबिक जनता की सरकार ने किसानों की कर्जमाफी प्रक्रिया शुरू कर दी है।उन्होंने कहा कि ऋण माफी योगना ऐसा अवसर है जिस पर किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गर्व होना चाहिए।किसानों की कर्जमाफी को लेकर पूरे प्रदेश में जश्न का माहौल है। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी मंडल अध्यक्ष बसवराज पाटिल के साथ पार्टी कार्यक्रता व किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भावी पीढ़ियों के लिए संतुलित पर्यावरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए : दीपक तिवारी

**आसिफाबाद,18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला अपर समाहर्ता (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी ने कहा कि भावी पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक गैस के साथ संतुलित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा चलाया गया वन महोत्सव कार्यक्रम जिले में सफल होना चाहिए।

आदिलाबाद विधान परिषद के सदस्य डांडे विट्ठल, सिरपुर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक पलवई हरीश बाबू, नगर आयुक्त एस. अंजैया ने चेयरपर्सन शाहिद सुल्ताना के साथ मिलकर पौधे लगाए।

इस मौके पर जिले के अपर समाहर्ता ने कहा कि सभी को पौधों की देखभाल में अपना योगदान देना चाहिए और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में वार्डों के पार्षदों, वन विभाग, एमईपीएमए कर्मचारियों और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# विधायक श्रीनेवसुलु ने किया तिरुपति में नई आधुनिक प्रोसेसिंग लैब का अनावरण



**तिरुपति, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अपोलो हेल्थ एंड लाइफस्टाइल लि. की एक इकाई, अपोलो डायग्नोस्टिक्स, जो आईएसओ प्रमाणन के साथ अग्रणी डायग्नोस्टिक लैब श्रृंखलाओं में से एक है; ने तिरुपति में देश में अपनी 140वीं प्रोसेसिंग लैब का अनावरण किया। अत्याधुनिक अपोलो डायग्नोस्टिक्स लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि अरनी श्रीनेवसुलु, विधायक, तिरुपति विधानसभा क्षेत्र ने किया।

अपोलो डायग्नोस्टिक्स के इस क्षेत्र में 6 रोगी देखभाल केंद्र हैं, इसके अलावा आंध्र प्रदेश राज्य में 115 और केंद्र हैं। इस अवसर पर बोलते हुए अरनी श्रीनेवसुलु ने कहा कि डॉ. प्रताप रेड्डी विदेश में प्रैक्टिस करने वाले एक डॉक्टर के रूप में चाहते थे कि विदेशों में उपलब्ध उच्चतम मानक चिकित्सा सेवा भारत, चेन्नई और उनके गांव आरागोंडा में उनके लोगों को भी उपलब्ध हो।

अपोलो हॉस्पिटल्स को आज पूरे भारत और विदेशों में उच्चतम मानक देखभाल के लिए जाना जाता है। ऐसे प्रतिष्ठित समूह ने आज यहां तिरुपति में अपोलो डायग्नोस्टिक्स की स्थापना की है। यह तिरुपति में ही नवीनतम तकनीक और उपकरणों के साथ डायग्नोस्टिक सेवाओं की व्यापक रेंज प्रदान करता है।

# ओजीएच के डॉक्टरों ने 3 साल के बच्चे में सफलतापूर्वक लिवर ट्रांसप्लांट किया



**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** उस्मानिया जनरल अस्पताल (ओजीएच) के डॉक्टरों ने तीन वर्षीय बालक मास्टर चौहान आदित्य का सफलतापूर्वक लिवर प्रत्यारोपण किया है। वह जन्म से ही पित्ताशय और लिवर की समस्याओं से पीड़ित था। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे का 3 जुलाई को सफल लिवर प्रत्यार-ोपण किया गया। खम्मम जिले के कोनिजेरला मंडल के कोंडा वनमाला गांव के माता-पिता मोड्डुगु गुनाशेखर और अमला अपने बेटे को जन्म से ही पित्ताशय और लिवर की समस्याओं से पीड़ित होने की समस्या के साथ यहां लाए थे। उस्मानिया के डॉक्टर मधुसूदन के नेतृत्व में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और लिवर प्रत्यारोपण टीम ने चौहान आदित्य की जांच की और उसका लिवर प्रत्यारोपण उपचार सफलतापूर्वक पूरा किया।

चौहान आदित्य की मां अमला अपने बेटे को अपना लिवर दान करने के लिए आगे आईं और उनका एक हिस्सा निकालकर लड़के में प्रत्यारोपित किया गया। फिलहाल मां और बेटा दोनों सुरक्षित हैं और मंगलवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी नागेंद्र ने कहा कि राज्य सरकार के अस्पतालों में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं।

# किसान कल्याण हेतु ऋण माफी योजना का क्रियान्वयन : वेंकटेश धोत्रे



**आसिफाबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, विधान परिषद के सभापति सुरेंद्र रेड्डी, राज्य के विभागीय मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव, उत्तमकुमार रेड्डी, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, श्रीधर बाबू, पोन्नम प्रभाकर, सरकार की मुख्य सचिव शांति कुमारी, कृषि और वित्त विभाग के सचिव गुरुवार को किसानों से एक साथ वर्चुअल सिस्टम के जरिए किसान ऋण माफी योजना की शुरुआत की। इस संदर्भ में आयोजित कार्यक्रम में आसिफाबाद जिला कलेक्टर, जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी, जिला अतिरिक्त कलेक्टर (राजस्व) दसारी वेणु, आसिफाबाद राजस्व मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव, जिला कृषि विभाग अधिकारी श्रीनिवास राव, अग्रणी जिला प्रबंधक राजेश्वर जोशी ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि बैंकों में विशेष काउंटर स्थापित किए गए हैं और नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और सरकारी नियमों के अनुसार प्रत्येक पात्र किसान को ऋण माफी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कृषि विभाग के तत्वावधान में एक पोर्टल बनाया जाएगा, किसान परिवारों के ऋण खाते के विवरण की जांच की जाएगी और ऋण माफी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई किसान ऋण माफी योजना को जिले के प्रत्येक पात्र किसान तक लागू करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। बाद में, वनमहोत्सवम कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, रायथु वेदिका के परिसर में पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए और भावी पीढ़ियों को संतुलित पर्यावरण प्रदान करने के लिए सामूहिक रूप से काम करना चाहिए।

# चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त पांच यात्रियों की मौत, 25 घायल



**गोंडा, 18 जुलाई (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में गुरुवार को बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 3 एसी समेत 12 बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई है जबकि 25 यात्री घायल हैं। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मृतकों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोण्डा में हुई ट्रेन दुर्घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और जरूरी निर्देश दिए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर योगी ने शोक संदेश में कहा जनपद गोण्डा में हुई ट्रेन दुर्घटना अत्यंत दु:खद है।

प्रभु श्रीराम से घायलों के शीर्घ स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में जिला प्रशासन के अधिकारियों को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने और घायलों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ अस्पताल पहुंचाकर उनके हादसा झिलाही रेलवे स्टेशन के बीच गोसाई डिहवा में हुआ है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। क्रेन

## 12 कोच पटरी से उतरे, खिड़की के कांच तोड़कर कूदे यात्री

समुचित उपचार के लिए निर्देश दिये। इस बीच रेलवे के आला अफसर घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

ज्यादातर घायल यात्री एसी कोच के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद यात्री खिड़की के कांच तोड़कर बाहर कूदे। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अफसर मौके पर पहुंच गए। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो गया है। एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच गई है। ट्रेन (15904) चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही थी। की मदद से बेपटरी डिब्बों को अलग किया जा रहा है। हादसे के मद्देनजर रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किये है जबकि कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया गया है।

रेलवे ने इस सिलसिले में गोरखपुर,लखनऊ और गोंडा में हेल्पलाइन नंबर जारी किये हैं। यात्रियों के परिजन 0551-2208169, 8957409292, 8957400965 और 8957407596 पर संपर्क कर सकते हैं। हादसे के कारण दस ट्रेनो का मार्ग परिवर्तन किया गया है। 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस मनकापुर जंक्शन-अयोध्या धाम - बाराबंकी जं. के रास्ते अपने गंतव्य को जाएगी वहीं 15653 गुवाहाटी - जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस मनकापुर जंक्शन-अयोध्या धाम - बाराबंकी जं. के रास्ते चलेगी। ट्रेन नं. 12555 गोरखधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस बढ़नी-गोंडा के रास्ते अपने गंतव्य को जाएगी जबकि ट्रेन नं. 12553 वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बढ़नी-गोंडा के रास्ते अपने गंतव्य को जाएगी।

पूर्वोत्तर रेलवे सीपीआरओ पंकज सिंह ने बताया-रेलवे की मेडिकल वैन पहुंच गई है। राहत और बचाव का कार्य हमने शुरू कर दिया है। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। गुरुवार को ट्रेन रात 11:39 बजे चंडीगढ़ से रवाना हुई। गुरुवार दोपहर झिलाही स्टेशन के पास पलट गई।


ट्रेन में सवार एक यात्री ने कहा- गोंडा से 20 किमी दूर दोपहर करीब ढाई बजे हादसा हुआ। यहां से मनकापुर स्टेशन 5 किमी दूर है। एसडीआरएफ (स्टेट डिजास्टर रिलीफ फंड) की टीम रेस्क्यू के लिए मौके पर पहुंच गई है।

टीम ने पहले अंदर फंसे वृद्ध यात्रियों को बाहर निकाला। ट्रेन पलट जाने के कारण यह बाहर नहीं आ पाए थे। इसके बाद सभी पलटे हुए कोच की एक-एक करके जांच कर रही है। टीम यह देख रही है कि अंदर कोई यात्री फंसा तो नहीं है। गोंडा ट्रेन हादसे में एसीएस गृह और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य मॉनिटरिंग कर रहे हैं। राहत आयुक्त को भी कोऑर्डिनेशन में लगाया है। घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने के निर्देश दिए हैं। इस रूट पर 2 ट्रेनें रद्द की गई है। 11 ट्रेनें डायवर्ट की गईं हैं। हादसा इतना भीषण है कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से 100 मीटर दूर तक गिरे हैं।

एसी कोच के डिब्बों की खिड़कियों के शीशे तोड़कर यात्री बाहर आए। हादसे के विचलित करने वाले फुटेज सामने आए हैं। इसमें दो यात्रियों के पैर कटे हुए नजर आ रहे हैं। जहां हादसा हुआ वहां से चारपाई से उठाकर घायल यात्रियों को ले जाया गया। हादसे की सूचना डीएम नेहा शर्मा मौके पर पहुंच गई हैं।

जिले के अन्य अफसर भी पहुंच गए हैं। मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे के बाद डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंच गई है। लोगों को आस-पास के अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने घटना की जानकारी ली है। वो स्थिति पर नजर रख रहे हैं। असम सरकार संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है।

# नारनौल अग्रवाल समिति द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों में छात्रवृत्ति वितरित



**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नारनौल अग्रवाल समिति हैदराबाद सिकंदराबाद के तत्वावधान में ..पढ़ो लिखो आगे बढ़ो कार्यक्रम.. के अंतर्गत गुरुवार, दि. 18 जुलाई को समिति अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में नारनौल सदन में जरूरतमंद नारनौल अग्रवाल विद्यार्थियों में छात्रवृत्ति के चेक वितरित किये गये।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार राजेश कुमार अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, कपिल बंसल, तरुण अग्रवाल, विशाल बंसल की उपस्थिति में पंकज कुमार अग्रवाल ने आवेदन प्राप्त विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति सेवा चेक प्रदान किए। इस अवसर पर राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि नारनौल अग्रवाल समिति के इतिहास में दूसरी बार समिति की ओर से पढ़ो लिखो आगे बढ़ो कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद नारनौल अग्रवाल विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति सेवा देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल ने कहा कि नारनौल अग्रवाल समिति समाज की सेवा में हमेशा तत्पर है।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न



**वरंगल, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय स्टेट बैंक,प्रशासनिक कार्यालय, वरंगल में घनश्याम सोलंकी की अध्यक्षता में गुरुवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, वरंगल की बैठक सम्पन्न हुई।वाई प्रसन्न कुमार, सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, वरंगल एवं मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बैठक से उप निदेशक (कार्यान्वयन) अनिर्बान कुमार विश्वास आनलाइन जड़ें। उन्होंने सदस्य कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए समिति का मार्गदर्शन किया।



आषाढ एकादशी के अवसर पर गौलीगुड़ा स्थित जंगल विठोबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना में भाग लेने बाद उपस्थित जामबाग डिवीजन के पार्षद राकेश जायसवाल, पार्षद शंकर यादव, जी. किशन यादव, वी. पांडू यादव, रघुनंदन यादव, वेंकट रमणा, सुरेश एवं अन्य भक्त।

# अग्रवाल हेल्थ क्लीनिक की वर्षगांठ कल

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज, तेलंगाना की दोमलगुड़ा शाखा द्वारा संचालित अग्रवाल हेल्थ क्लीनिक की 22वीं वर्षगांठ कल शनिवार 20 जुलाई को मनाई जाएगी। शाखा के मानद मंत्री योगेश अग्रवाल द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कुचिपुड़ी आर्ट अकादमी के समीप संचालित उक्त अग्रवाल हेल्थ क्लिनिक परिसर में रात्रि 7:30 बजे संपन्न होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ नीरज अग्रवाल (पूर्व अधीक्षक- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस, बीबीनगर हैदराबाद) तथा विशेष अतिथि अग्रवाल समाज, तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल होंगे। क्लीनिक के वर्तमान संयोजक अक्षय अग्रवाल के अनुसार 22 वर्षों पूर्व क्लिनिक की स्थापना से ही डॉ आरपी केजरीवाल ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की है और स्थापना से लेकर वर्तमान तक लगभग 3 लाख जरूरतमंद लोगों ने उपचार लाभ प्राप्त किया है। सहायतार्थ भाव से संचालित इस क्लीनिक में चिकित्सा उपचार सुविधा के साथ ही कई कई स्थान पर जरूरतमंद लोगों को निशुल्क औषधि भी प्रदान की जाती है। हर वर्ष मनाए जाने वाली वर्षगांठ के दिन अब तक कई प्रमुख चिकित्सा और अन्य गणमान्य लोगों ने उक्त हेल्थ क्लीनिक पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर शाखा का मनोबल बढ़ाया है। शाखा के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, मंत्री योगेश अग्रवाल, संयुक्त मंत्री प्रतीक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय कुंछल केंद्रीय समिति सदस्यों डॉ दिलीप पंसारी (निवर्तमान अध्यक्ष) और विजय जिंदल ने क्लीनिक की वर्षगांठ अवसर पर शाखा के सभी सदस्यों को सपरिवार उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# गुरु पूर्णिमा दीक्षा समारोह एवं सुन्दर काण्ड 21को

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गणेश मन्दिर चादरघाट हैदराबाद में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर रविवार, दि. 21 जुलाई, 2024 को आचार्य सत्यप्रकाश जी महाराज के नेतृत्व में गुरु पूर्णीमा दीक्षा समारोह एवं संगीतमय सुन्दर काण्ड सतीश संदीप त्रिपाठी बंधु द्वारा में सुबह 9.00 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर 1.00 बजे आरती व प्रसादी होगी। भक्ता सें आग्रह किया गया कि गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अधिक से अधिक भक्त उक्त कार्यक्रमों में भाग लेकर आशीर्वचन एवं प्रसादी अवश्य ग्रहण करें।

# हैदरगुड़ा शाखा वैभवी नारी शक्ति की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज हैदरगुड़ा शाखा की वैभवी नारी शक्ति की मानसून पर आधारित बैठक सम्पन्न हुई। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ तम्बोला, म्युजिकल चेयर आदि मनोरंजक गेम्स खिलाये गये। रिम-झिम बूंदों के बीच कार्यक्रम को सभी सदस्यों ने आनंद लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ जरूरतमंदों की सहायता करना था। समय-समय पर उक्त शाखा द्वारा सामाजिक वं सांस्कृतिक कार्यक्रम तनमयता से किया जाता है। कार्यक्रम में सत्वंती सरायवाला, रितु अग्रवाल, उर्मिला मोदी, अनुपमा गुप्ता, किरण अग्रवाल, संजीता, उषा मोदी, समीक्षा, ईशा अग्रवाल, वैशाली सीमा, कीर्ति, प्रेमा जाजू, आरती अग्रवाल, किरण गोयल एवं अन्य उपस्थित थे।

# भाग्यनगर की धन्य धरा पर पहली बार श्रवणकुमार कथा का आयोजन



**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाग्यनगर की धन्य धरा पर पहली बार श्रवणकुमार कथा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री श्रवणकुमार कथा कलश यात्रा श्री कनक दुर्गा शक्ति मंदिर से प्रारम्भ होकर नगरपति हनुमान फिलखना मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में सभी माता एवं बहनों भक्ति भाव के साथ भाग लिया।

गुरुवार, दि. 18 जुलाई को दोपहर 1.00 बजे अमृत मूहर्त में उक्त श्रवणकुमार कथा प्रारंभ हुई।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान गोपाल बल्दवा ने पण्डित जी का स्वागत किया एवं आशीर्वाद लिया। कथा आगामी 20 जुलाई तक जारी रहेगी।

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 76,420/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 94,106/- (प्रति किलोग्राम)

## शेयर मार्केट



बीएसई : 81,343.46

+626.91 +0.78% ↑

एनएसई :24,800.85

187.85 (0.76%) ↑

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने तिरुमाला में पूजा-अर्चना की



**तिरुमाला, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार की सुबह तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर की पूजा की।

आगमन पर, केंद्रीय मंत्री का टीटीडी के संयुक्त कार्यकारी अधिकारी (जेईओ) वीरब्रह्म द्वारा भव्य स्वागत किया गया और मंदिर के पुजारियों ने उन्हें गर्भगृह तक पहुंचाया।

दर्शन के बाद, उन्हें रंगनायकुला मंडपम में वैदिक पंडितों द्वारा वेदशिर्वाचनम भेंट किया गया।

शुभ लाभ

का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305

SPACE COUPON Rs. 2500/- | Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh

Validity : 1 Year from the time of Issue

SUBSCRIPTION FORM

Name : ..................

Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-

Mode of Payment : CHEQUE / D.D.

Cheque No. & Date .............. Drawn ..............

Name of the Executive..................

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS

4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10x10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS Hyderabad Balanagar

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, KOTTAMMA Spouse of Service No. 01295908Y Ex.Sep ABBI REDDY, Resident of Plot No.B-33, Phase-I, Allwyn Colony, Kukatpally, Hyderabad - 500072 have changed my name and DOB from **KOTTAMMA**, Age 58 years to **BIKKA KOTAMMA**, DOB:**01-01-1959** vide affidavit dt:18-7-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME AND DOB**

I, RANUPRAVA PARIDA is legally wedded spouse of No JC-764415H Sub Arun Kumar Parida, R/o Vill-Talua, PO-Saudia,PS-Balichandrapur, District -Jajpur, PIN-754292 State-Odisha , have changed my name from RANU PRABH PARIDA to RANUPRAVA PARIDA and DOB from 18/10/1978 to 19/04/1978 add in my husband service documents before X Spl Metropolitan Magistrate Hyderabad dated 18/07/2024.

**CHANGE OF NAME**

I, No-15148414L Hav Hariharan K presently residing at Vill-Samandhapuram, PO-Rajapalayam, Dist-Virudhunagar, State-Tamil Nadu, PIN-626117, have changed my Daughter name from MOHANA NACHIYAR to H MOHANA NACHIYAR and date of birth is 04/08/2008 add in my service documents Before The Excutive Magistrate Rajapalayam dated 25/06/2024.

# तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कृषि ऋण माफी पर व्यक्त की खुशी

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कृषि ऋण माफी पर खुशी व्यक्त की है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सचिवालय में ऋण माफी योजना शुरू करने के बाद राज्य भर के विभिन्न जिलों के किसानों से बात करते हुए कहा कि तेलंगाना के लोगों ने हमें एक महान कार्यक्रम में भाग लेने और देश के लिए एक उदाहरण स्थापित करने की अनुमति दी है।

उन्होंने कहा कि हमने अपने कैबिनेट सहयोगियों और अधिकारियों के सहयोग से अपना वादा निभाया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि यह एक बार फिर साबित हो गया है कि जब कांग्रेस अपनी बात कहती है तो वह पत्थर की लकीर होती है। उन्होंने सोनिया गांधी का उल्लेख करते हुए कहा, सोनिया गांधी ने करीमनगर में कहा था कि वह तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को जानती हैं। उन्होंने यह जानते हुए भी कि पार्टी को भारी नुकसान होगा, तेलंगाना राज्य दिया, जिसे तेलंगाना के लोग हमेशा याद रखेंगे।मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार की आलोचना करते हुए कहा, पिछले शासकों ने दो बार यह कहकर अपना वादा तोड़ा कि वे किसानों के ऋण माफ करेंगे। पहले पांच वर्षों में, केसीआर ने कहा कि वे 16,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ करेंगे, लेकिन केवल 12,000 करोड़ रुपये दिए। दूसरी बार, सरकार द्वारा वादा किए गए 12,000 करोड़ रुपये में से केवल 9,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। केसीआर ने 10 साल में कर्ज माफी के लिए 21,000 करोड़ रुपये भी नहीं चुकाए हैं। भले ही किसान आत्महत्या कर रहे हैं, लेकिन केसीआर ने लोगों से किया अपना वादा पूरा नहीं किया है।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 6 मई, 2022 को राहुल गांधी ने वारंगल में लाखों किसानों की उपस्थिति में रायथु की घोषणा की थी। 17 सितंबर, 2023 को सोनिया गांधी ने थुक्कुगुडा में छह गारंटी की घोषणा की, जिसमें 2 लाख रुपये के ऋण माफ करने का वादा भी शामिल था। उन्होंने कहा, आज, हम तेलंगाना के किसानों के लिए ऋण माफी खातों में साहसपूर्वक 6,098 करोड़ रुपये जमा कर रहे हैं। किसानों की ओर से, मैं उन मंत्रियों और अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने ऋण माफी में योगदान दिया। यह मेरे 16 साल के राजनीतिक सफर का सबसे यादगार दिन है।

उन्होंने कहा, हम केसीआर की कटऑफ तारीख के अगले दिन से कर्ज माफी को लागू कर रहे हैं। तेलंगाना राज्य का सपना साकार करने वाली सोनिया गांधी का जन्मदिन 9 दिसंबर तक के लिए टाल दिया गया है। हम बिना किसी झंझट के कर्ज माफी को पूरा करेंगे। एक लाख से कम ऋण वाले किसानों का आज कर्ज माफ किया गया है। एक लाख से डेढ़ लाख तक का कर्ज लेने वाले किसानों को जल्द ही कर्ज मुक्ति मिलेगी। अगस्त खत्म होने से पहले 31,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कुछ लोग गलत धारणा पैदा कर रहे हैं कि कर्ज माफी के लिए किसान के पास राशन कार्ड होना चाहिए। किसान कर्जमाफी का आधार राशन कार्ड नहीं है। ऋण माफी के लिए पासबुक राशन कार्ड नहीं बल्कि एक उपाय है। चोर की बातों पर विश्वास मत करो। हम हर किसान का कर्ज माफ करने के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं। समस्या होने पर बैंक अधिकारियों से संपर्क करें। बैंक अधिकारी किसानों को जागरूक करें। कृषि विभाग के अधिकारी किसान कर्जमाफी के लिए सभी व्यवस्थाएं करें।

मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री थुम्मला नागेश्वर राव और वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्क की भी ऋण माफी प्रक्रिया को सुचारू बनाने के प्रयासों के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में कर्मचारियों को ठीक से भुगतान नहीं किया गया था। हमारी सरकार समय पर वेतन दे रही है। हमने सात महीनों में कल्याणकारी कार्यक्रमों पर 29,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। हम पिछली सरकार के कर्ज को कवर करने के लिए हर महीने 7,000 करोड़ रुपये का भुगतान कर रहे हैं। किसान कर्जमाफी के मामले में तेलंगाना मॉडल देश के लिए आदर्श साबित होने जा रहा है। हम आठ महीने में कर्ज माफी के वादे को पूरा करने में सफल रहे हैं और देश में यह वृद्धि जारी रखेंगे।

उन्होंने कहा, हम किसी से इस्तीफा देने को नहीं कहेंगे जिसने हमें चुनौती दी हो। उन्हें याद रखना चाहिए कि अब भी गांधी परिवार ने अपना वचन निभाया है। हमने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को धन्यवाद देने का प्रस्ताव पारित किया। किसान कर्जमाफी के मौके पर राहुल गांधी को आमंत्रित किया जाएगा, और वारंगल में एक खुली बैठक आयोजित की जाएगी। जल्द ही हम अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ दिल्ली जाएंगे और राहुल गांधी को आमंत्रित करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने ऋण माफी निधि की पहली किस्त जारी की



**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** किसानों को दिये गये वादे के मुताबिक रेवंत रेड्डी सरकार ने कर्ज माफी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने पहले चरण के तहत उन किसानों के बैंक खातों में ऋण माफी की राशि जमा कर दी है, जिन पर एक लाख रुपये तक का कर्ज है। इस अवसर पर सीएम रेवंत रेड्डी ने सचिवालय से विभिन्न जिलों के किसानों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में बात की।

इसके बाद में ऑनलाइन बटन दबाकर धनराशि जारी की गई। डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क और कृषि मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव ने कर्ज माफी पर किसानों को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के मंत्री, सचिव और सरकारी सलाहकार शामिल हुए। राज्य भर में एक लाख रुपये कर्ज के 11,08,171 लाख किसान हैं। हालांकि, सरकार ने उनके सभी कर्ज माफ करने के लिए पहले चरण में 6,098 हजार करोड़ रुपये जारी किये गये हैं।किसानों के खातों में कर्ज माफी की रकम के पहले चरण में सबसे ज्यादा 454.49 करोड़ रुपये की कर्ज माफी नलगोंडा जिले में की जाएगी। इसके साथ ही उनका सारा कर्ज एक झटके में माफ कर दिया गया। बाद में दूसरे चरण के तहत सरकार अगस्त के पहले हफ्ते में 1.5 लाख रुपये तक के कर्ज माफ करने की योजना है। अगस्त में ही दूसरे सप्ताह तक 2 लाख रुपए कर्जमाफी की प्रक्रिया पूरी करने के लिए फंड जुटाया जा रहा है। कर्ज माफी के समय प्रदेश भर में 560 किसान मंचों में किसान और कांग्रेस नेता जश्न मना रहे हैं। हर गांव में सीएम रेवंत रेड्डी के फ्लेक्सी और तस्वीर पर दुग्धाभिषेक किया गया।

गौरतलब है कि तेलंगाना पर इस समय सात लाख करोड़ रुपये कर्ज है। सरकार हर महीने सात करोड़ रुपये ब्याज के रूप में दे रही है।

## तेलंगाना में अगले चार दिनों तक भारी बारिश का अनुमान

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक तेलंगाना में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी और आसपास के उत्तरी भाग में बना निम्न दबाव मध्य क्षोभमंडल तक फैल गया है और दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है। मानसून की द्रोणिका कोटा, गुना, कलिंगपट्टनम से होकर मध्य बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।इस मौसम प्रणाली के कारण शुक्रवार को राज्य में बहुत भारी बारिश की संभावना है। भद्राद्री कोत्तागुडेम और खम्मम जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त, कुमारमभीम आसिफाबाद, मंचिरयाला, निजामाबाद, जगित्याला, राजन्ना सिरिसिला, नलगोंडा, जनगाम, सिद्दीपेट, याद्राद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, हैदराबाद, मेडचल मलकाजीगिरी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक, कामारेड्डी, महबूबनगर, नगर कुरनूल और नारायणपेट जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है।इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई है क्योंकि भारी से बहुत भारी बारिश की उम्मीद है, साथ ही गरज और बिजली भी चमक सकती है। मौसम के ताज़ा अपडेट से अपडेट रहें और भारी बारिश के इस दौर में सुरक्षित रहने के लिए ज़रूरी सावधानियों का पालन करें।

## रवि गुप्ता ने विशेष मुख्य सचिव गृह का पदभार संभाला

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी रवि गुप्ता ने गुरुवार को तेलंगाना के विशेष मुख्य सचिव गृह का पदभार संभाल लिया। राज्य के कई आईपीएस अधिकारी समेत कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्री गुप्ता को राज्य सचिवालय में उनके कक्ष में कार्यभार संभालने पर बधाई दी। बाद में श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मुलाकात की और उन्हें गृह विभाग के विशेष मुख्य सचिव के रूप में नियुक्ति के लिए धन्यवाद दिया।

## कांग्रेस ने किसानों को कृषि ऋण माफ होने पर बधाई दी

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) ने गुरुवार को उन किसानों को बधाई दी जिनका एक लाख रुपये तक का कर्ज माफ हो चुका है।टीपीसीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जी. निरंजन ने गांधी भवन में मीडिया से बातचीत के दौरान वारंगल में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा किए गए वादे को पूरा करने के लिए राज्य सरकार की सराहना की। राज्य सरकार ने 15 अगस्त तक दो लाख तक के ऋण माफ करने का वादा किया है।

## तेलंगाना विधानसभा का सत्र 23 जुलाई से



**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, तेलंगाना विधानसभा का सत्र 23 जुलाई को सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जबकि विधान परिषद का सत्र 24 जुलाई को सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, जो वित्त विभाग का प्रभार भी संभालते हैं, 25 जुलाई को बजट पेश कर सकते हैं और सत्र 10 दिनों से अधिक समय तक चल सकता है।

हालांकि, सत्र के संचालन के दिनों की संख्या पर अंतिम निर्णय विधानसभा अध्यक्ष जी. प्रसाद कुमार द्वारा बुलाई जाने वाली कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में लिया जाएगा। बजट पर विस्तृत चर्चा के अलावा, विधानसभा सत्र के दौरान फसल ऋण माफी पर भी चर्चा की जाएगी।

## तेलंगाना सरकार भूदान यज्ञ बोर्ड को पुनर्जीवित करेगी

**हैदराबाद, 18 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. जी चिन्ना रेड्डी ने कहा है कि तेलंगाना सरकार भूदान यज्ञ बोर्ड को पुनर्जीवित करने के लिए कदम उठाएगी।

भूदान यज्ञ आंदोलन को गति देने के लिए 100 एकड़ से अधिक भूमि सौंपने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रख्यात वेदिरे रामचंद्र रेड्डी की 119वीं जयंती के अवसर पर बोलते हुए चिन्ना रेड्डी ने स्कूल पाठ्यक्रम में रामचंद्र रेड्डी और अन्य तेलंगाना शहीदों के जीवन चरित्र को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों में तेजी से वृद्धि न केवल लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि कई अन्य समस्याएं भी पैदा कर रही है। जनप्रतिनिधियों को इन दुकानों को हटाने के लिए प्रयास करना चाहिए और इसी तरह महिलाओं को भी, यदि आवश्यक हो, तो इस बुराई के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए।

उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इन मुद्दों को सीएम रेवंत रेड्डी के संज्ञान में उठाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि भूदान भूमि को अतिक्रमण से बचाने के लिए वांछित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार टैंक बंड पर रामचंद्र रेड्डी और भूदान आंदोलन के अन्य नेताओं की प्रतिमाओं का अनावरण करने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि भूदान सर्व सेवा संघ के प्रतिनिधि, जैसे वेदिरे अरविंद रेड्डी और टी कृष्ण गौड़ को राज्य की सेवा के लिए राजनीति में आना चाहिए।













स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.